" *हिन्दी भाषा राष्ट्र निर्माण में सहायक है* "

कार्यालय रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (मध्य कमान),

1, करियप्पा मार्ग, लखनऊ छावनी -226002

Office of the Principal Controller of Defence Accounts (Central Command)

1, Cariappa Road, Cantt Lucknow, Pin Code – 226002

सं. प्रशा./II/1023/विविध

दिनांक: 16/02/2023

विषय : रक्षा लेखा विभाग के अंतर्गत अतिथि गृहों मे आवंटन के संबंध में।

उपर्युक्त विषय में अवगत कराना है कि अतिथि गृहों में आवंटनों हेतु प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों में प्रायः त्रुटियाँ प्राप्त हो रही है, जिसके कारण अतिथि गृहों के आवंटन में इस अनुभाग सहित आवंटन करने वाले अधिकारियों / कर्मचारियों को भी असुविधा होती है । इस असुविधा से बचने के लिये सभी अधिकारी / कर्मचारी अतिथि गृह आवंटन हेतु प्रार्थना पत्र प्रेषित करने से पूर्व, उक्त अतिथि गृहो की SOP (विवेक विहार एवं प्रबुध विहार हेतु अलग अलग जारी SOP) में Eligibility, Allotment / Reservation Procedure, Losses / Damages एवं Decorum / Behavior संबंधी बिन्दुओं का ध्यान रखें । जिसके मुख्य बिन्दु निम्न प्रकार हैं –

1. अतिथि गृह **आवंटन** हेतु इस अनुभाग में **कम से कम 02 दिन पूर्व (शनिवार, रविवार एवं राजपत्रित अवकाश के अतिरिक्त)** प्राप्त होना सुनिश्चित करें । साथ ही, आवंटन रद्द करने की सूचना इस अनुभाग को **24 घंटे पूर्व** सूचित करना सुनिश्चित करें, अन्यथा के स्थिति में सम्पूर्ण आवंटन का शुल्क देय होगा ।
2. अतिथि गृह आवंटन हेतु भरे जाने वाले प्रोफ़ार्मा में अतिथि गृह में रुकने वाले सभी आगंतुकों का विवरण (यथा – नाम, उम्र, कर्मचारी / अधिकारी से संबंध) स्पष्ट रूप से भरें, तथा आगंतुक अपने साथ एक ID Card / ID Proof (एक प्रतिलिपि के साथ) रखना सुनिश्चित करें ।
3. आगंतुक, अधिकारी / कर्मचारी के परिवार / First blood relation में न होने की दशा में Private Persons मानकर शुल्क वसूल किया जाएगा ।
4. अधिकारी / कर्मचारी आवंटन हेतु प्रोफ़ार्मा अपने अनुभाग / कार्यालय की अनुशंसा के साथ आगम एवं निर्गम अनुभाग (लखनऊ स्थित कार्यालयों हेतु) अथवा अनुभाग के आधिकारिक email (pcdaccan2.dad@gov.in) पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें ।

लेखाधिकारी (प्रशा.)

प्रतिलिपि –

स्वचलन अनुभाग (स्थानीय) : वेबसाइट पर अपलोडिंग हेतु ।

लेखाधिकारी (प्रशा.)